# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/3065
दिनांक :- 17/8/2022

अन्तिम अनुस्मारक

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध बी0एड0 संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः– संस्थान/महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की सूचना अपलोड करने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांकः सम्बद्धता/1734, दिनांक 18.07.2022 एवं सम्बद्धता/2052, दिनांक 04.08.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा संस्थान में बी0एड0 पाठ्यक्रम में कार्यरत एवं विश्वविद्यालय से अनुमोदित समस्त शिक्षकों का विवरण विश्वविद्यालय द्वारा विकसित आनलाईन पोर्टल पर दिये गये लिंक http://www.ccsum.org.in/index.php पर दिनांक 15.08.2022 तक अपलोड किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कतिपय संस्थानों/महाविद्यालयों द्वारा अद्यतन भी कार्यरत शिक्षकों का विवरण विश्वविद्यालय द्वारा पोर्टल पर दिये गये लिंक पर अपलोड नहीं किया गया है। जिस पर मा0 कुलपति महोदया द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी है।

अतः आपको अन्तिम बार निर्देशित किया जाता है कि आप दिनांक 21.08.2022 तक प्रत्येक दशा में संस्थान/महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों का विवरण विश्वविद्यालय द्वारा विकसित आनलाईन पोर्टल पर दिये गये लिंक http://www.ccsum.org.in/index.php पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अनुमोदित शिक्षकों का अनुमोदन पत्र, शिक्षकों को बैंक द्वारा दिये जा रहे बैंक से प्रमाणित बैंक स्टेटमेंट तथा शिक्षकों की एक आई0डी0 की प्रति दिनांक 21.08.2022 तक विश्वविद्यालय कुलसचिव कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

ज्ञात रहे कि बी0एड0 पाठ्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2022–24 में काउन्सिलिंग प्रक्रिया एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा आयोजित करायी जा रही है। विश्वविद्यालय स्तर से विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों/महाविद्यालयों की सूचना दिनांक 25.08.2022 तक प्रत्येक दशा में अपलोड की जानी है।

यदि आप द्वारा निर्धारित अवधि में संस्थान में कार्यरत एवं विश्वविद्यालय से अनुमोदित समस्त शिक्षकों का विवरण अपलोड/उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो ऐसी अवस्था में विश्वविद्यालय द्वारा आपके संस्थान का नाम शैक्षिक सत्र 2022–2024 में छात्रों के प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं किया जाएगा। जिसका समस्त उत्तर दायित्व आपका स्वयं का होगा।

भवदीय,
17-08-2022
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–**

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कार्यालय अधीक्षक (सम्बद्धता)